भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 11
सोमवार, 22 जुलाई, 2024 ((आषाढ़ 31,1946, (शक))) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानों मे तकनीकी खामियां

***11 # श्री नीरज डांगी:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विगत दो वर्षों से विभिन्न विमान कंपनियों को तकनीकी खामियों के कारण आपातकालीन लैंडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी विमान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन विमान कंपनियों में प्रशिक्षित इंजीनियरों और आधुनिक उपकरणों की कमी है; और

(घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इन समस्याओं से निपटने के लिए किए गए सुरक्षा उपायों का ब्यौरा क्या है और इन समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जा रहा है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"विमानों में तकनीकी खामियों" के संबंध में दिनांक 22.07.2024 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न संख्या 11 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख): पिछले दो वर्षों अर्थात् वर्ष 2022 और 2023 तथा चालू वर्ष (आज की तारीख तक) के दौरान तकनीकी समस्याओं के कारण आपातकालीन लैंडिंग की कुल 14 घटनाएं हुई हैं। विमानवार विवरण अनुलग्नक 'क' पर है।

(ग) और (घ): वर्तमान में देश में नागरिक विमानन क्षेत्र/विमानन उद्योग में प्रशिक्षित इंजीनियरों और आधुनिक उपकरणों की कोई कमी नहीं है।

वर्तमान में, बुनियादी रखरखाव प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 57 एएमई प्रशिक्षण संस्थानों को नागर विमानन अपेक्षाएँ-147 (बेसिक) के तहत डीजीसीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। नागर विमानन अपेक्षाएँ-147 (बेसिक) के तहत अनुमोदित एएमई प्रशिक्षण संस्थानों से अनुमानित आपूर्ति लगभग 3700 प्रति वर्ष है, जो भारतीय नागर विमानन उद्योग की माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

डीजीसीए, एमआरओ और एयरलाइनों की अनुमोदित सुविधा की वार्षिक निगरानी/लेखा-परीक्षा आयोजित करके और उनके प्रस्तुत किए गए अनुपालन के माध्यम से सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करता है।

*****

अनुलग्नक-क

पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष (आज की तारीख तक) के दौरान आपातकालीन लैंडिंग का विमानवार ब्यौरा

विमान के प्रकार	2022	2023	2024	कुल
ए -320	-	02	01	**03**
ए-321	-	01	-	**01**
एटीआर-72	02	01	-	**03**
बी737	02	01	01	**04**
बी777	01	-	-	**01**
डीएएसएच8 क्यू400	02	-	-	**02**
कुल	**07**	**05**	**02**	**14**

*****